कार्यालय प्राचार्य, संजय गाँधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी (म0प्र0)

क्रमांक / /स्वशासी / 2021 सीधी, दिनांक 13-1-21

सूचना

विश्वविद्यालय के सूचना दिनांक 07.01.2021 के अनुसार सत्र 2020–21 मे स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर प्रवेशित छात्रो का विश्वविद्यालय में एम.पी. आनलाईन के माध्यम से नामांकन हेतु पंजीयन कराया जाना है। अतः इस महाविद्यालय में प्रवेशित छात्रो को सूचित किया जाता है कि नामांकन शुल्क आनलाईन के माध्यम से जमा कर नामांकन फार्म की हार्ड कापी के साथ **आवश्यक दस्तावेज जैसे माइग्रेशन की मूलप्रति, 10वीं, 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति एवं अन्य आवश्यक अभिलेख** संलग्न कर महाविद्यालय के स्वशासी कक्ष में श्री प्रमोद कुमार द्विवेदी के पास जमा करें, ताकि महाविद्यालय से नामांकन फार्म सत्यापित कर विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि में प्रेषित किया जा सके। जिन छात्रो का विश्वविद्यालय से स्नातक पाठयक्रम में आनलाईन/आफलाईन के माध्यम से नामांकन हो चुका है उन्हे भी प्रवेशित पाठयक्रम स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लिए आनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा ऐसे छात्रो को नामांकन शुल्क देय नही है उन्हे केवल पोर्टल शुल्क देय होगा। निर्धारित तिथि तक नामांकन फार्म महाविद्यालय में न जमा करने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की होगी तथा छात्र परीक्षा से भी वंचित हो सकता है।

नोटः–

1. **छात्रो को हार्डकापी के साथ माइग्रेशन की मूल प्रति लगाना अनिवार्य है।**
2. **निर्धारित तिथि में मूलप्रति दस्तावेज प्राप्त न होने पर निर्धारित विलंब शुल्क देय होगा।**

प्राचार्य
सं.गाँ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

पृ0क्रमांक / /स्वशासी / 2021 सीधी, दिनांक ....

प्रतिलिपि :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष की ओर कक्षाओं में उपरोक्त सूचना प्रसारित कराने हेतु।
2. मुख्य लिपिक।
3. स्वशासी लिपिक।
4. सूचना पटल/ छात्रो को सूचनार्थ।

प्राचार्य
सं.गाँ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)